**भारतीय रेल**
**डीजल रेल इंजन कारखाना**
**वाराणसी**

**कार्यालय : महाप्रबन्धक(कार्मिक)**

**पत्र सं0 : 27/180/56 ई (जेनिटर) भाग-I** **दिनांक : 01/06/2020.**

सर्वसंबंधित ,
डी0रे0का0/वाराणसी /कोलकाता/ सियाल्दह,
कैम्प आफिस, रेस्ट हाउस तिलक ब्रिज , नई दिल्ली एवं
अधिकारी विश्राम गृह /आनन्द बिहार , नई दिल्ली,
संयुक्त सचिव-कर्मचारी परिषद एवं कर्मचारी परिषद सदस्यगण, डी0रे0का0/वाराणसी,
जोनल सचिव-SC/STएसोसिएशन एवं अध्यक्ष-पिछडा वर्ग एसोसिएशन, डी0रे0का0/वाराणसी।

**विषय :- जेनिटर (एक्स कैड़र), लेवल-4 के पदों को चयन प्रक्रिया द्वारा भरने के सम्बन्ध में।**

*********

1. जेनिटर (एक्स कैड़र), **वेतनसंरचना 25500-81100, लेवल-4 के 03(तीन ) पदों** को चयन प्रक्रिया द्वारा भरने हेतु नामिका बनाने विनिश्चय किया गया हैं।
2. व्यवसायिक योग्यता( लिखित परीक्षा) मे निम्नलिखित रुप से अर्हक अंक पाने वाले पात्र कर्मचारियों को अन्य तत्वों के आधार पर पैनलित किया जायेगा।

| मद | अधिकतम अंक | अर्हक अंक |
|---|---|---|
| व्यवसायिक योग्यता (लिखित परीक्षा) | 50 | 30 |
| रिकार्ड आफ सर्विस | 30 | - |
| कुल अंक | 80 | 48 |

**नोट : पैनल का गठन उपरोक्त के आधार पर IREM-VOL-I,1989के पैरा-219(i) के क्रम में जारी रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या-E(NG)I-2008/PM 7/4, दिनांक 19/06/2009 एवं SLP 209 के पैरा 03 में दिये गये निर्देश के आधार पर व्यवसायिक योग्यता और सेवा रिकार्ड में प्राप्त किये गये अंकों के आधार पर, केवल मेरिट के क्रम में ही तैयार किया जायेगा ।**

3. **पैनलित होने हेतु उन्हीं कर्मचारियों को योग्य माना जायेगा, जिन्होंने व्यवसायिक योग्यता(लिखित परीक्षा) में 60% अंक प्राप्त किए हो। चयन पूर्णतया मेरिट के आधार पर होगा तथा पूर्ण चयन में सफल कर्मचारियों को ही पैनल में रखा जायेगा।**
4. **जेनिटर (एक्स कैड़र), वेतनसंरचना 25500-81100, लेवल-4 के लिये पात्रता**
   (I) सभी विभाग में कार्यरत कर्मचारी (लेखा विभाग, सुरक्षा बल एवं मेडिकल को छोडकर) जिन्होने **वेतनसंरचना 19900-63200, लेवल-02** में कम से कम **पांच वर्ष की नियमित सेवा** पुरा कर लिया हो वे कर्मचारी पात्र होंगे।
   (II) सभी विभाग में कार्यरत कर्मचारी (लेखा विभाग, सुरक्षा बल एवं मेडिकल को छोडकर) जिन्होने **वेतनसंरचना 25500-81100, लेवल-4** में कम से कम **तीन वर्ष की नियमित सेवा** पुरा कर लिया हो वे कर्मचारी पात्र होंगे।
5. कर्मचारी जो उपर्युक्त शर्तों को पूरा करते होखअपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में भरकर सम्बन्धित नियंत्रण अधिकारी के हस्ताक्षर मुहर सहित उचित माध्यम द्वारा **दिनांक 02/07/2020 को 16:00** बजे तक महाप्रबंधक(कार्मिक) कार्यालय को भेज दें।
6. सभी पात्र कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता हैं कि संलग्न पाठ्यक्रम के अनुसार लिखित परीक्षा हेतु तैयार रहे ताकि किसी भी अल्पावधि की सूचना पर परीक्षा करायी जा सकती हैं।
7. विभागीय अधिकारी सम्बन्धित कर्मचारियों का आवेदन पत्र अग्रसारित करते समय यह जाँच कर लें कि आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियाँ ठीक-ठाक भरी गयी हैं तथा उनमें दिये गये सभी विवरण सत्य हैं।
8. इस अधिसूचना की एक प्रति सूचना पट्ट पर लगाया जाए तथा इसका कर्मचारियों में व्यापक प्रचार किया जाये।
9. लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित अंकों में से कम-से-कम 10% अंक राजभाषा नीति तथा नियमों से सम्बन्धित होंगे। राजभाषा नीति तथा नियमों से सम्बन्धित प्रश्नों को उत्तर देने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, परन्तु वे प्रश्न अनिवार्य नहीं होगे।
10. **सभी प्रश्न(100%) बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ(Multiple Objective types) प्रकार होंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंकी की कटौती की जायेगी। उक्त परीक्षा 90-120 मिनट की होंगी।**

**(प्राधिकारी : रेलवे बोर्ड के पत्र सं0-ई(एन जी)I-2018 पी एम , दिनांक 14/06/2019)**

**क्रमशः**

11. **परीक्षा में ओ0एम0आर0 शीट एवं प्रश्न पत्र दिया जायेगा। परीक्षा हेतु कर्मचारी को काला बाल प्वाइंट पेन लेकर आना आवश्यक हैं, क्योंकि उक्त परीक्षा हेतु ओ0एम0आर0 शीट पर उत्तर देने हेतु केवल काला बाल प्वाइंट पेन उपयोग किया जायेगा।**

12. **बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ(Multiple Objective types) के प्रश्नों के उत्तर में किसी भी प्रकार का Correction/Overwriting अनुमेय नहीं हैं, अन्यथा उस प्रश्न का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।**
13. उपरोक्त अधिसूचना को निर्देशित किया जाता हैं कि परीक्षा हॉल में बिना परिचय पत्र प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
14. सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता हैं कि इलेक्ट्रानिक समान जैसे मोबाईल, कैलकुलेटर इत्यादि परीक्षा हॉल में न लेकर आयें।
15. चयन से सम्बन्धित लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम अनुबंध 'क' एवं आवेदन पत्र का प्रारुप अनुबंध 'ख' में दिया जा रहा हैं।

**उपरोक्त जेनिटर पद चयनित कर्मचारीयों का अगले पदोन्नति के लिये उनके मूल कैडर में लियन सुरक्षित रहेगा।**

**नोट-**1.जेनिटर का पद एक्स कैडर (वाह्रय संवर्ग) पद है।
2.जेनिटर पद पर पदोन्नति कर्मचारीयों का लियन उनके मूल संवर्ग में बना रहेगा।
3.जेनिटर पद से अपने मूल कैडर में वापस आने पर उन्हें उच्च वेतन निर्धारण तथा वरीयता का लाभ देय नहीं होगा ।
4.चयन में योग्य पाये गये अभ्यर्थियों को जेनिटर पद पर कार्यकाल तीन (03)वर्ष का होगा इसके पश्चात उन्हें उनके मूल कैडर में वापस कर दिया जायेगा।
5.जेनिटर पद एक एक्स कैडर (वाह्रय संवर्ग) पद है, पद पर लगातार बने रहना उनके निरन्तर उपयुक्तता पर निर्भर होगा जिसकी निश्चितता समयान्तराल पर **नियंत्रक अधिकारी** के द्वारा जांच की जायगी।
6.सम्बन्धित उम्मीदवार अल्प अवधि की सूचना पर परीक्षा में बैठने के लिए तैयार रहें। परीक्षा की तिथि बाद में सूचित की जायेगी।

(आर0के0गुप्ता)
वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/मु0
कृते महाप्रबंधक(कार्मिक)

अनुबन्ध ''क''

## चयन से सम्बन्धित पाठयक्रम

1. डी0रे0का0 स्थित रेल संगठनों का ज्ञान।
2. स्थापना सम्बन्धी मामले छुटटी के नियमों, पास के नियमों तथा प्रथमोपचार पद्धतियों का ज्ञान।
3. आग बुझाने के बारे में जानकारी।
4. डिटर्जेंट सफाइ की तकनीक , पोर्सलेन की सफाई-सामाग्री,शीशे,अलमुनियम फर्स पर कोटि करने वाले सिन्थेटिक सामानों की जानकारी।
5. पत्र और ज्ञापन लिखने का ज्ञान।
6. स्टाक लेजर बनाना सामानों के लिये मांग पत्र तैयार करना और रददी सामानों की वापसी से सम्बन्धित कागजात तैयार करना।
7. विश्राम गृह /छात्रवासों में प्रयोग किये जाने वाले सामानों, जैसे फर्नीचर और लीनेन, काकरी और कटलरी,बर्तनो, गर्म करने के काम में प्रयोग किए जाने वाले उपयंत्रो पिसाई, मिश्रण तथा उसे खाने योग्य बनाने की जानकारी रखना।
8. विश्राम गृह के स्तर के सूट का वितरण लगाई गयी फिटिंग एवं फिक्सचर विशेष सुविधाएं, स्नानघर के उपकरण एवं पिक्सचर का ज्ञान।
9. किसी भी विश्राम गृह/ छात्रावास में सामान्य रुप में तैनात किये जाने वाले कर्मचारी तथा उनकी पाली कार्य विवरण की जानकारी रखना।
10. कब्जा देने में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया ,किराये के सम्बन्ध में जानकारी तथा रहने वालों को भोजन उपलब्ध करने के सम्बन्ध में जानकारी रखना।

नोट :-

1. **लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित अंकों में से कम-से-कम 10% अंक राजभाषा नीति तथा नियमों से सम्बन्धित होंगे। राजभाषा नीति तथा नियमों से सम्बन्धित प्रश्नों को उत्तर देने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, परन्तु वे प्रश्न अनिवार्य नहीं होगे।**
2. **सभी प्रश्न(100%) बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ(Multiple Objective types) प्रकार होंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंकी की कटौती की जायेगी। उक्त परीक्षा 90-120 मिनट की होंगी।**

अनुबन्ध ''ख''

महाप्रबंधक(कार्मिक) के अधिसूचना संख्या -27/180/56 ई (जेनिटर) भाग-I, दिनांक 01/06/2020 के संदर्भ में।

जेनिटर (एक्स कैडर), वेतनसंरचना 25500-81100, लेवल-4 के पद हेतु आवेदन पत्र।

1. नाम/श्री/श्रीमती/कुमारी ---------------------------- ---------------कर्मचारी संख्या ------------------------
2. पदनाम ---------------------------------------------------- लेवल -------------------------------------
3. पिता का नाम ----------------------------------------------------------------------------------------
4. जन्मतिथि ------------------------------------------------------------------------------------------
5. रेलवे में नियुक्ति की तिथि -------------पद ------------ ---वेतनसंरचना एवं लेवल ------------------------
6. डी0रे0का0 में ज्वाइन करने की तिथि ---------------------------------------------------------------
7. वर्तमान नियमित पद पर नियुक्ति की तिथि ------------------------ ------------------------------------
8. वर्तमान कार्यस्थल ---------------------------------------------------------------------------------
9. शैक्षणिक योग्यता ---------------------------------------------------------------------------------
10. क्या अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के हैं? यदि हों तो उल्लेख करें ---------------------------------
11. मोबाईल नं0---------------------------------------------------------------------------------------

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक ------------

महाप्रबन्धक(का0) को अगली कार्यवाही हेतु अग्रसारित

नियंत्रक अधिकारी के हस्ताक्षर (मुहर सहित)